ग्वालियर। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को सिविल सेवा की मुख्य लिखित परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। लेकिन इस टाइम टेबल में आयोग ने ऐसी गलतियां की हैं, जिसे देखकर आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे।

आयोग ने टाइम टेबल शायद बिना कैलेंडर के बनाया है, इसलिए उसे दिनों का कोई अंदाजा ही नहीं रहा। आयोग का टाइम टेबल वास्तविक कैलेंडर से तो भिन्न है ही, साथ ही एग्जाम के दिनों से भी मैच नहीं खा रहा है। खैर आयोग ऐसे काम करने में अव्वल है।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा–2016

आयोजन की सूचना दिनांक 15.07.2016

ऑनलाइन आवेदन अवधि	प्रवेश पत्र उपलब्धता अवधि	परीक्षा अवधि
दिनांक 20.07.2016 से	दिनांक 09.09.2016 से	दिनांक 01.10.2016 से
दिनांक 12.08.2016 तक	दिनांक 28.09.2016 तक	दिनांक 07.10.2016 तक

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्यसेवा परीक्षा 2016 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 02/परीक्षा/2016 दिनांक 17.03.2016 के संदर्भ में आयोजित की गयी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 09.07.2016 को घोषित किया गया है । उक्त परीक्षा में सफल आवेदकों हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2016 का आयोजन दिनांक 01.10.2016 से दिनांक 07.10.2016 तक इन्दौर, भोपाल ग्वालियर तथा जबलपुर संभागीय मुख्यालयों स्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जायेगी :–

दिन	दिनांक	विषय	समय
मंगलवार	01.10.2016	सामान्य अध्ययन–1	प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
बुधवार	03.10.2016	सामान्य अध्ययन–2	प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
शनिवार	04.10.2016	सामान्य अध्ययन–3	प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
सोमवार	05.10.2016	सामान्य अध्ययन–4	प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
बुधवार	06.10.2016	सामान्य हिन्दी	प्रात: 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
गुरूवार	07.10.2016	निबंध	प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक

यह भी पढ़ें-MPPSC ने जारी किया 2017 का केलेंडर, 5 फरवरी को होगी 2017 प्रारंभिक परीक्षा
यह भी पढ़ें-शहर की ये बेटी भरेगी आसमां में उड़ान, एयर इंडिया में बनी पायलट

एमपीएससी की सिविल सर्विस मैन्स की परीक्षाएं 1 अक्टूबर मंगलवार से शुरू होंगी, जो 7 अक्टूबर तक जारी रहेंगी। प्रतिदिन एक परीक्षा आयोजित होगी और परीक्षा एक पाली में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित होंगी। 2 अक्टूबर गांधी जयंती को छोड़कर सभी परीक्षाएं लगातार आयोजित होंगी।

यह भी पढ़ें-छात्रों ने रेसिंग कार ,बुद्ध सर्किट पर दौड़ेगी 120 की रफ्तार से

आयोग ये कर बैठा भूल

आयोग ने जो टाइम टेबल जारी किया है उसमें 1 अक्टूबर को मंगलवार बताया है कि जबकि 1 तारीख का शनिवार है। इसके साथ ही आयोग ने 1 अक्टूबर को मंगलवार और 3 को बुधवार बताया है। दोनो ही तारीखें

गलत हैं मगर आयोग का केलकुेशन तो यहां और भी गलत है।

यह भी पढ़ें-NEET Phase 2 का एग्जाम 24 जुलाई, अंतिम 15 दिनों में ऐसे करें तैयारी
यह भी पढ़ें-जूनियर मैथ्स ओलंपियाड 6 जुलाई को, पांच चरणों में परखी जाएगी छात्रों की प्रतिभा

अगर 1 तारीख का मंगलवार होता भी तो भी 3 का बुधवार कैसे हो सकता है। आयोग यहीं नही रूका इसके बाद 4 तारीख का शनिवार बताया गया है। आयोग का टाइम टेबल वास्तविक कैलेंडर से तो भिन्न है ही, साथ ही एग्जाम के दिनों से भी मैच नहीं खा रहा है। खैर आयोग ऐसे काम करने में अव्वल है। इससे पहले आयोग ने मेन्स की तिथि 2 नवम्बर घोषित की बाद में उसे 1 अक्टूबर कर दिया गया।

कितना गंभीर है आयोग
ऐसा पहला मामला नहीं है जब आयोग ने इतनी गलतियाँ की हों, बल्कि पूर्व में भी आयोग के अधिकारियों की लापरवाही समय-समय पर उजागर होती रही हैं। ऐसे में सवाल उठाना लाजमी है कि आखिर ऐसे गैरजिम्मेदार अधिकारियों पर कब सख्त कार्रवाई की जाती है।